प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 63 /2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**www.trai.gov.in**

नई दिल्ली, 25 जुलाई 2025

**तत्काल प्रकाशन हेतु**

## भादूविप्रा ने असम राज्य में धुबरी और कोकराझार शहर और उनके आस-पास के क्षेत्रों में नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया (असम लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के अंतर्गत)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जून 2025 के महीने में धुबरी और कोकराझार के व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए असम लाइसेंस सेवा क्षेत्र (LSA) के लिए अपने इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में किए गए ड्राइव टेस्ट, विभिन्न उपयोग परिवेशों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों आदि में वास्तविक दुनिया के मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे।

**14 जून 2025 से 16 जून 2025** के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने धुबरी और कोकराझार शहर में 159.0 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट और 8 हॉटस्पॉट स्थानों पर विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो कई तरह की हैंडसेट क्षमताओं वाले यूज़रों के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। स्वतंत्र ड्राइव परीक्षण (IDT) के निष्कर्षों को संबंधित सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकन किए गए मुख्य मापदंड:**

**क) वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सफलता दर (CSSR), ड्रॉप कॉल दर (DCR), कॉल सेटअप समय, कॉल साइलेंस दर, स्पीच की गुणवत्ता (MOS) और कवरेज।

**ख) डेटा सेवाएँ:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप दर और वीडियो स्ट्रीमिंग में देरी।

धुबरी और कोकराझार में मोबाइल नेटवर्क के समग्र प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:

**कॉल सेटअप की सफलता दर –** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में कॉल सेटअप सफलता दर क्रमशः 100%, 79.07%, 100% और 97.18% है।


**ड्रॉप कॉल रेट** - एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप कॉल दर क्रमशः 0.00%, 1.68%, 0.00% और 1.09% की है।


**5G डेटा सेवाओं** ने शहर के हॉटस्पॉट पर 219.77 एमबीपीएस तक की अधिकतम डाउनलोड गति और 20.55 एमबीपीएस तक की अपलोड स्पीड भी प्रदान की।

**धुबरी** में, मूल्यांकन में चोकापारा भाग-3, गोपीगांव भाग-3, बंगालीपारा भाग-2, बोगरीबारी, अलोमगंज, खुदीमारी, झगरारपार और बिद्यापारा आदि के क्षेत्र और **कोकराझार** में, डोबगांव, खरगांव, मगुरमारी, हाटीमाथा, नाराबारी, ओवाबारी, गेंड्राबिल और मोकरापारा के क्षेत्र शामिल थे । भादूविप्रा ने (i) बी.एन. कॉलेज, धुबरी (ii) चक्रशिला वन्यजीव अभयारण्य, कोकराझार, (iii) उपायुक्त कार्यालय, कोकराझार, (iv) धुबरी बस स्टैंड, (v) आईडब्ल्यूडी रो-रो धुबरी रिवर पोर्ट, (vi) कोकराझार शासकीय महाविद्यालय, (vii) कोकराझार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, (viii) डीसी कार्यालय एवं न्यायालय भवन, धुबरी में वास्तविक दुनिया की स्थितियों का मूल्यांकन भी किया ताकि स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को दर्शाया जा सके।

**सेवा गुणवत्ता के प्रमुख मापदंडों के लिए प्रदर्शन:**

**CSSR**: कॉल सेटअप सफलता दर (% में), **CST**: कॉल सेटअप समय (सेकंड में), **DCR**: ड्रॉप कॉल रेट (% में) और **MOS**: मीन ओपिनियन स्कोर




**सारांश-वॉइस सेवाएँ**

**कॉल सेटअप सफलता दर:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 100.00%, 79.07%, 100.00% और 97.18% की कॉल सेटअप सफलता दर है।

**कॉल सेटअप समय:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 2.02, 3.19, 0.63 और 1.54 सेकंड का कॉल सेटअप समय है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 0.00%, 1.68%, 0.00% और 1.09% की ड्रॉप कॉल दर है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट: पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (5G/4G) में एयरटेल**, आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 1.05% और 1.58% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (MOS):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत MOS क्रमशः 4.03, 2.97, 3.89 और 4.60 है।

**सारांश-डेटा सेवाएँ**

**डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड गति 124.61 एमबीपीएस है, बीएसएनएल (4G/2G) की 3.00 एमबीपीएस है, आरजेआईएल (5G/4G) की 219.77 एमबीपीएस है और वीआईएल (4जी/2जी) की 23.69 एमबीपीएस है।

**डेटा अपलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G/) की औसत अपलोड गति 20.55 एमबीपीएस है, बीएसएनएल (4G/2G) की 4.82 एमबीपीएस है, आरजेआईएल (5G/4G) की 15.36 एमबीपीएस है और वीआईएल (4जी/2जी) की 7.65 एमबीपीएस है।

**डेटा प्रदर्शन - हॉटस्पॉट (एमबीपीएस में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4G D/L: 54.13 | 4G U/L: 13.67 |
| | 5G D/L: 50.60 | 5G U/L: 14.65 |
| बीएसएनएल- | 4G D/L: 4.08 | 4G U/L: 9.02 |
| आरजेआईएल- | 4G D/L: 37.55 | 4G U/L: 7.72 |
| | 5G D/L: 92.00 | 5G U/L: 6.64 |
| वीआईएल- | 4G D/L: 15.81 | 4G U/L: 6.53 |

**नोट- "D/L" डाउनलोड स्पीड, "U/L" अपलोड स्पीड**

परीक्षण वास्तविक समय के वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरण और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता), भादूविप्रा से ईमेल: adv.kolkata@trai.gov.in पर या दूरभाष नंबर +91-33-22361401 पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी 25/7/25

**(अतुल कुमार चौधरी)**
**सचिव, भादूविप्रा**